भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1428#
उत्तर देने की तारीख 30 जुलाई, 2026
8 श्रावण, 1948 (शक)

खेलो भारत नीति का कार्यान्वयन

1428 # श्री बृज लाल:
श्री मस्तान राव यादव बीडा:
श्रीमती सीमा द्विवेदी:
श्रीमती माया नारोलिया:
श्री मिथलेश कुमार:
श्री अमर पाल मौर्य:
श्री राजेश परमानंद शुक्ला:
श्री मयंककुमार नायक:
श्री मदन राठौड़:
श्री चुन्नीलाल गरासिया:
श्री उज्जवल देवराव निकम:
श्री सुभाष बराला:
श्री भाष्यम् रामा कृष्णा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में 'खेलो भारत नीति-2025' के कार्यान्वयन में हुई प्रगति और केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय खेल महासंघों, शिक्षण संस्थानों और अन्य हितधारकों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए गए तंत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार वर्ष 2036 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों को सुदृढ़ करने के लिए 'खेलो भारत नीति' का किस प्रकार उपयोग कर रही है और प्राथमिकता वाले खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों की एक सतत श्रृंखला विकसित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ग) कितने राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों ने 'खेलो भारत नीति' की परिकल्पना और लक्ष्यों के अनुरूप अपनी खेल नीतियों को तैयार किया है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ख) : खेलो भारत नीति, 2025 केंद्र सरकार के मंत्रालयों, राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ), शैक्षणिक संस्थानों, निजी क्षेत्र तथा अन्य हितधारकों के बीच अभिसरण के माध्यम से खेलों के विकास हेतु संपूर्ण-सरकारी ढ़ांचा प्रदान करती है। इस नीति का कार्यान्वयन खेल विभाग तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की मौजूदा स्कीमों के माध्यम से, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों के समन्वय से किया जा रहा है। यह नीति वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की भारत की आकांक्षा के अनुरूप जमीनी स्तर से लेकर उत्कृष्ट स्तर के एथलीटों के विकास के लिए एक सुव्यवस्थित मार्ग उपलब्ध कराती है। यह नीति मुख्य रूप से प्रारंभिक अवस्था में प्रतिभा की पहचान, कोचिंग, खेल विज्ञान, खेल चिकित्सा, गुणवत्तापूर्ण खेल अवसंरचना तथा प्रतियोगिताओं के अधिक एक्सपोजर पर बल देती है। खेलो इंडिया, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई), टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) तथा राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता (एएनएसएफ) जैसी स्कीमों के माध्यम से सरकार प्राथमिक खेल विधाओं में एथलीटों की एक सतत श्रृंखला विकसित कर रही है।

(ग) खेलो भारत नीति, 2025 विधा-वार प्रतिभा की पहचान, संरचित प्रशिक्षण, खेल विज्ञान/ चिकित्सा सहायता तथा राज्यों में वित्तपोषण तंत्र को सुदृढ़ बना रही है, ताकि वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए एथलीटों की व्यापक श्रृंखला विकसित की जा रही है। इस विभाग द्वारा संरेखण के उद्देश्य से राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की खेल नीतियों का आंतरिक रूप से मूल्यांकन किया गया है। कई राज्यों की खेल नीतियां पहले से ही इस नीति के अनुरूप हैं तथा इस विभाग द्वारा अन्य राज्यों को खेलो भारत नीति, 2025 के अनुरूप अपनी नीति बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

*****